# कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद।

सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति संख्या–2597 मु0वि0प्रा0/अधिष्ठान/2025–26 दिनांक 04 अगस्त, 2025 हेतु नियम एवं शर्तें –

1. उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार/तहसीलदार तथा उपजिलाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी ही नियत वेतन पर रखे जाने के लिए आवेदन हेतु पात्र होगें।
2. सेवानिवृत्ति के पश्चात पूर्णतः स्वस्थ सेवानिवृत्त कार्मिक ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. प्राप्त आवेदनों में आवेदक की दक्षता, सेवा के दौरान सम्बन्धित की ख्याति एवं गुण–दोष के आधार पर प्राधिकरण के कार्यो की आवश्यकतानुसार 01वर्ष अथवा शासन से कार्मिकों की नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) की अवधि के लिए अनुबन्ध पर अस्थायी रुप से निम्नानुसार नियत वेतन पर चयन किया जायेगा।

| पदनाम | प्रस्तावित नियत वेतन |
|---|---|
| नायब तहसीलदार/ तहसीलदार | प्राप्त अन्तिम मूल वेतन – प्राप्त मूल पेंशन, प्रतिमाह नियत वेतन के रुप में भुगतान किया जायेगा। |
| उपजिलाधिकारी | प्राप्त अन्तिम मूल वेतन – प्राप्त मूल पेंशन, प्रतिमाह नियत वेतन के रुप में भुगतान किया जायेगा। |

नोटः– उपरोक्त मासिक नियत वेतन में समस्त भत्ते आदि सम्मिलित होगें। उपर्युक्त निर्धारित मासिक परिलब्धियों के अतिरिक्त कोई भी अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

4. यदि अपनी सेवाकाल की अवधि में शासकीय कार्यो में गुणवत्ता के कारण शासन अथवा विभाग से कोई प्रशस्ति–पत्र, विशेष पदोन्नति, आदि प्राप्त की हो तो उक्त का प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध कराऐं।
5. अभ्यर्थी को अपने आवेदन के साथ सेवानिवृत्ति प्रमाण–पत्र अथवा पी.पी.ओ0 (पेंशन भुगतान आदेश), अन्तिम वेतन प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. आवेदन के साथ रु0 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सेवानिवृत्ति के विगत 05 वर्षो में उनके विरुद्ध कोई वृहद् दंड पारित नही हुआ तथा उनकी सत्यनिष्ठा कभी भी संदिग्ध नही की गई है।
7. कोई भी आवेदक, जिनकी सेवायें ली जायेगीं यदि इस्तीफा देना चाहता है तो वह सचिव, मु0वि0प्रा0 को एक माह की लिखित नोटिस देकर ऐंसा कर सकता है। नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी अभिलेखों का पूर्ण प्रभार सचिव के निर्देशानुसार अधिकृत अधिकारी अथवा कर्मचारी को सौंपकर ही कार्यमुक्त हो सकता है।
8. सेवा अनुबन्ध, बिना कोई कारण बताये एवं बिना कोई पूर्व सूचना दिए कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
9. उपरोक्त के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारुप प्राधिकरण की बेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है तथा किसी भी कार्य दिवस में प्राधिकरण कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र, निर्धारित प्रारुप पर वॉछित विवरण सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ, दिनांक 22.08.2025 की सायं 05:00 बजें तक सचिव, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को कार्यालय पता–मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, नया मुरादाबाद, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को व्यक्तिगत रुप से अथवा डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

सचिव
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण।

प्रतिलिपिः–

1. प्रभारी विज्ञापनको इस निर्देश के साथ कि 02 दैनिक समाचार पत्रों (दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान) में उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. प्रभारी आई0टी0 को विज्ञप्ति व नियम एवं शर्ते प्राधिकरण की बैबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

सचिव 4.08.25
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण।

# नायब तहसीलदार/तहसीलदार एवं उपाजिलाधिकारी (से0नि0) के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

Pasport size Photo

सेवा में,

सचिव,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण
मुरादाबाद।

मैं, ............................................ पद के लिए प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित कराये गये विज्ञापन/विज्ञप्ति के अनुसार अर्हताओं/शर्तो के अधीन आवेदन कर रहा हूँ/रही हूँ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम | :– | ........................................................................ |
| 2. | सेवानिवृत्ति के समय पदनाम | :– | ....................................................................... |
| 3. | सेवानिवृत्ति के समय विभाग/कार्यालय का नाम | :– | ........................................................................ |
| 4. | जन्म तिथि | :– | ........................................................................ |
| 5. | कुल कार्यानुभव<br>(कार्यानुभव के सम्बन्ध में एक पेज का लेख) | :– | ........................................................................ |
| 6. | सेवानिवृत्ति की तिथि | :– | ....................................................................... |
| 7. | अधिवर्षता सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति | :– | ........................................................................ |
| 8. | वर्तमान पता | :– | ........................................................................<br>.......................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 9. | स्थायी पता | :– | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>...................... |
| 10. | मो0नं0 | :– | ........................................................................ |
| 11. | अन्तिम वेतन प्रमाण–पत्र (वेतन पर्ची) | :– | ........................................................................ |
| 12. | सेवानिवृत्ति प्रमाण–पत्र एवं पी0पी0ओ0<br>(छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है) | :– | ........................................................................ |

## घोषण–पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। इसमें कुछ भी छुपाया नही गया है। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और इस सम्बन्ध में विधि एवं नियमों के अधीन मेरे विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही हेतु मैं उत्तरदायी रहूंगा।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर दिनांक सहित